मुस्कानारिष्ट

☺ एक दोस्त दूसरे से : यार तेरी बीबी की अदायें तो बड़ी कातिल हैं।
दूसरा : उसके हाथ का बना खाना भी ऐसा ही है।

☺ मैं और मेरी बीबी बीस साल तक खुश रहे। परंतु इसके बाद हमारी शादी हो गई।

☺ पत्नी : मैं मूर्ख थी जो मैंने आपसे शादी की।
पति : मैं तब प्यार में अंधा था जो ये जान ही ना पाया।

☺ मैं 18 साल से अपनी पत्नी से कुछ नहीं बोला, क्योंकि मैं उसकी बात काटना नहीं चाहता था।

☺ एक सफल आदमी वह है जो अपनी बीवी के खर्चों से ज्यादा कमा सके।
एक सफल महिला वह है जो ऐसा पति ढूँढ सके।



☺ अपनी बीवी के जन्मदिन को याद रखने का सबसे अच्छा तरीका क्या है?
उसके जन्मदिन को एक बार भूल जाना।

☺ बीबी : क्यों जी कार की स्पीड इतनी क्यों बढ़ा दी?
पति : ओ जी कार की ब्रेक फेल हो गई है, एक्सीडेंट हो जाये इसके पहले ही घर पहुँच जायें तो अच्छा।

☺ कुछ नमूने छुट्टी के आवेदनों के :–

1. चूँकि मुझे अपनी पत्नी के साथ अपनी ज़मीन बेचने जाना है, कृपया मुझे एक सप्ताह का अवकाश प्रदान करें।
2. चूँकि मेरी सास की मौत हो गई है, जिसके लिये सारी जिम्मेदारी मेरे ऊपर है, अत: .....
3. चूँकि मुझे अंतिम संस्कार के लिए जाना है और मैं लौट नहीं पाऊँगा, अत: मुझे आधे दिन की ....
4. मैं बुखार से पीड़ित हूँ, अत: एक दिन का अवकाश घोषित करें।
5. मैं आपके स्कूल में पढ़ रहा हूँ और मेरा सर दर्द कर रहा है, अत: आज मुझे छोड़ दें....
6. मेरी पत्नी बीमारी से पीड़ित है तथा चूँकि मैं उसका घर पर एकमात्र पति हूँ अत: कृपया....

☺ एक आदमी एक औरत को देखता है, जिसके पीछे एक कुत्ता पड़ा है। जैसे ही कुत्ता औरत को काटने की कोशिश करता है वह आदमी दौड़कर आता है और कुत्ते को लात मारकर भगा देता है।
एक रिपोर्टर यह सब देख रहा था। उसने कहा–क्या बात है। मैं अपने अख़बार में इसे ज़रूर छापूँगा। कल की मुख्य खबर होगी– ''लोकल हीरो ने महिला को कुत्ते से बचाया।''
आदमी ने कहा–धन्यवाद! परंतु मैं यहाँ का नहीं हूँ, मैं अमेरिका से हूँ।
रिपोर्टर– ठीक है तो फिर मुख्य समाचार होगा– ''अमेरिकन नागरिक ने महिला को कुत्ते से बचाया।''
आदमी फिर बोला– धन्यवाद! मैं अमेरिका में रहता हूँ पर मैं पाकिस्तानी हूँ।
अगले दिन समाचार–पत्र में ख़बर थी– ''पाक आतंकवादी ने लोकल कुत्ते पर हमला किया।''